पत्रांकः– 14/मु० 13–156/14 -265
शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

प्रेषक,

एस०एम० करीम,
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलसचिव,
राज्य के सभी विश्वविद्यालय
(कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय को छोड़कर)

पटना, दिनांक 20/02/2015

विषयः– एम०जे०सी० संख्या–1788/2011 डा० निर्मल कुमार सिंह बनाम राज्य सरकार एवं अन्य तथा उसके साथ संलग्न अवमाननावादों में करीब 448 वादी को जिन्हें माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 13.11.2013 को पारित आदेश द्वारा निष्पादित किया गया है, से उद्भूद अवमाननावादों के संबंध में वांछित सूचना के साथ बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि इस संबंध में विभागीय पत्रांक 14/मु० 13–156/14–1391 दिनांक 10.10.2014 (प्रतिलिपि संलग्न) एवं स्मार पत्र संख्या 14/मु० 13–156/14–1539 दिनांक 17.11.2014 (प्रतिलिपि संलग्न) के द्वारा आपको वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था, जो अद्यतन अप्राप्त है।

इस संबंध में शिक्षा विभाग के सभा कक्ष (मदन मोहन झा स्मृति सभागार) में निम्नांकित तालिका के अनुसार बैठक का आयोजन किया गया हैः–

क्र०सं०	दिनांक	विश्वविद्यालय का नाम
1	09.03.2015	जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं बी०आर०ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर
2	10.03.2015	वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा एवं मगध विश्वविद्यालय, बोध गया
3	11.03.2015	तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर एवं पटना विश्वविद्यालय, पटना
4	12.03.2015	बी०एन० मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा

इस प्रकार के सदृश्य वादों से संबंधित प्रयोगशाला कर्मियों की प्रथम नियुक्ति से संबंधित धारित पद, कालान्तर में धारित पदों की स्वीकृति से संबंधित राज्य सरकार द्वारा निर्गत पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति, प्रथम नियुक्ति के समय का विज्ञापन, नियुक्ति में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा–10(6) के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा किये गये अनुमोदन से संबंधित आदेश की प्रति, प्रथम नियुक्ति अर्थात प्रयोगशाला प्रभारी/सहायक अथवा समकक्ष पद पर नियुक्ति के समय धारित योग्यता से संबंधित कागजात तथा अभिलेख की प्रमाणिक/अभिप्रमाणित कागजात के साथ–साथ उन कर्मियों के संबंध में विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन (प्रत्येक वादी के लिये अलग–अलग) के साथ उक्त बैठक में अपने विधि पदाधिकारी एवं अन्य सहयोगी पदाधिकारी के साथ भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

Karim 20/02/15
(एस०एम० करीम)
निदेशक, उच्च शिक्षा

Bha